>

Title: Need to probe the issue of alleged spying of a woman.

श्री सज्जन वर्मा (देवास): जब संपूर्ण राष्ट्र महिलाओं के सम्मान के प्रति चिंतित है और महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों में हो रही बढ़ोत्तरी को रोकने के लिए देश की संसद में सशक्त और कठोर कानून बनाने की पहल की जा रही है, ताकि महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों में कमी आए तथा महिलाओं का सम्मान भारत में बढ़े, ऐसे समय में जैसा कि समाचार पत्रों एवं टी.वी. से प्राप्त खबरों के अनुसार ज्ञात हुआ है, एक राज्य में एक महिला की जासूसी कराना बहुत ही चिंता का विषय है। यह एक राष्ट्रीय समस्या है और अभी तक न तो इस घटना में कोई एफ.आई.आर. दर्ज की गई है, न सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कोई संज्ञान लिया गया है, जबकि सर्वोच्च न्यायालय भी महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों के लिए चिंतित है।

ऐसे में मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस घटना के लिए जवाबदार लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु कदम उठाए जाएं।